# आठ माह की सुस्ती के बाद पंचायतों को नई उम्मीद

**▶ 1 जुलाई से लागू होगी जी राम जी योजना, नई योजना से जागी उम्मीद**

**बड़वानी, ( नवभारत )।** जिले की 409 ग्राम पंचायतों में 1 जुलाई से लागू होने जा रही जी राम जी योजना को लेकर सरपंचों और ग्रामीणों की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

लंबे समय से मनरेगा के तहत नए कार्य नहीं मिलने और करोड़ों रुपए के भुगतान अटके रहने से पंचायतों में विकास कार्यों की रफ्तार थम सी गई थी। अब नई व्यवस्था में ग्राम पंचायतें और ग्राम सभाएं स्वयं अपने विकास कार्य तय करेंगी। इससे स्थानीय जरूरतों के अनुसार योजनाएं बनाने का रास्ता खुलेगा।

जिला पंचायत स्तर पर इसकी तैयारियां तेज हो गई हैं और पंचायतों से विकास कार्यों के प्रस्ताव भी लिए जा रहे हैं। सरपंचों का मानना है कि यदि समय पर बजट मिला तो पंचायत क्षेत्रों में रुके हुए निर्माण कार्य फिर गति पकड़ेंगे। नई व्यवस्था को ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### ग्रामसभा तय करेगी विकास की दिशा

नई योजना की सबसे बड़ी विशेषता ये है कि अब विकास कार्य ऊपर से थोपे नहीं जाएंगे, बल्कि ग्राम सभा स्वयं प्राथमिकताएं तय करेगी। सरपंच, सचिव और पंच मिलकर गांव की जरूरतों के अनुसार कार्यों का चयन करेंगे। योजना में पक्के निर्माण कार्यों को भी शामिल किया गया है। जिले की 125 से अधिक पंचायतों ने अपने प्रस्ताव और विकास खाका तैयार कर जिपं को भेज दिया है। अधिकारियों के अनुसार पहले चरण में सभी पंचायतों में कार्य प्रारंभ कराने की तैयारी है। योजना के तहत रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और गांवों में जल संरक्षण, सड़क, सामुदायिक परिसंपत्तियों तथा अन्य आवश्यक विकास कार्यों को गति मिलेगी। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि कई महीनों से विकास कार्य ठप थे, ऐसे में नई योजना से नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है।

### जल संरक्षण और कृषि सुधार पर रहेगा फोकस

जी राम जी योजना का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि क्षेत्र को मजबूत करना है। योजना के तहत जल संरक्षण, खेत तालाब, सरोवर निर्माण और भू-जल संवर्धन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त वित्तीय सहयोग से पंचायतों को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया जाएगा। इससे कृषि उत्पादन बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी परिसंपत्तियां तैयार करने में मदद मिलेगी।

### भुगतान अटका, पंचायतों की बढ़ी परेशानी

जिले में मनरेगा के तहत करोड़ों रुपए का भुगतान अभी भी लंबित है। कई पंचायतों में खेत तालाब, मुक्तिधाम, नाले, सडक् और सम्पर्क मार्गों के निर्माण कार्यों का पैसा अटका हुआ है। सरपंच लगातार जनपद और जिला पंचायत कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। बजट नहीं मिलने से कई पंचायतों ने नए कार्य शुरू ही नहीं किए। ऐसे में नई योजना के साथ लंबित भुगतानों के निराकरण की मांग भी तेज हो गई है।

**फैक्ट फाइल**

- 409 पंचायतों को मिलेगा लाभ
- 125 दिन तक मिलेगा रोजगार
- 125 पंचायतों ने भेजे प्रस्ताव
- 16 करोड़ रुपए भुगतान लंबित
- 11 करोड़ की राशि भुगतान के लिए मिली है

**योजना के स्वरूप में बदलाव**

मनरेगा योजना का नाम बदलकर 1 जुलाई से जी राम जी योजना किया जा रहा है। योजना के स्वरूप में कुछ बदलाव किए गए हैं। अब 100 दिन के स्थान पर 125 दिन रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान रहेगा। जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिले की 125 से अधिक पंचायतों का प्रारूप तैयार हो चुका है, जबकि शेष पंचायतों से भी प्रस्ताव लिए जा रहे हैं। मनरेगा के तहत कुल 11 करोड़ रुपए की राशि भुगतान के लिए मिली है। इसमें से 5 करोड़ रुपए की राशि जारी की है।

सुरेंद्र सिंह मोरेए मनरेगा प्रभारी जिला पंचायत

# अब बेटियों को भी बनाया जा रहा सायबर स्मार्ट

**बड़वानी, ( नवभारत )।** बढ़ते साइबर अपराधों और महिलाओं-बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर लगाम लगाने पुलिस ने एक विशेष पहल करते हुए सेफ क्लिक जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में यह जिला स्तरीय अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में राजपुर पुलिस टीम ने रविवार को समर्थन सेंटर फॉर डेवलपमेंट सपोर्ट पहुंचकर बालिकाओं और महिलाओं को डिजिटल सुरक्षा व आत्मरक्षा के गुर सिखाए।

**खतरों एवं उनसे बचने के उपायों से कराया अवगत**

यह विशेष जागरूकता कार्यक्रम एएसपी धीरज बब्बर एवं एसडीओपी राजपुर आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन में हुआ। थाना प्रभारी माधवसिंह ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बालिकाओं को व्यावहारिक उदाहरणों से साइबर जगत के खतरों और उनसे बचने के उपायों से अवगत कराया।



**एक नजर में**

## योग गुरु कृष्णकांत सोनी को किया सम्मानित



**बड़वानी।** सुबह उठने की समस्या, मनुष्य की सबसे बड़ी समस्या है, यदि मनुष्य सुबह जल्दी उठने लगे तो जीवन की सभी समस्याएं आसानी से हल हो सकती हैं। उक्त बातें मानव सेवा समिति अजड़ आयोजित 5 दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर के समापन पर मानव सेवा समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल ने कही। उन्होंने यम, नियम, आसन, प्राणायाम का महत्व समझाया। पतंजलि समिति के विट्ठल मामा ने कहा कि वर्तमान समय में बाबा रामदेव और नरेन्द्र मोदी ने योग को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई। योग गुरु कृष्ण कांत सोनी ने शिविर में प्रशिक्षण देते हुए कहा कि सबसे बड़ी समस्या है, व्यक्ति का शर्मिलापन और संकोची स्वभाव है। इस कारण वह स्वास्थ्य से दूर होता जा रहा है। समाज को प्रेरणा देने वाले यदि रोगी है, तो युवा कैसे स्वस्थ जीवनशैली अपना सकते हैं। शिविर में योग गुरु ने आसन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार आदि का प्रशिक्षण नि:शुल्क दिया। इस अवसपर श्रीफल, पट्टा एवं नगद पुरस्कार देकर योग गुरु सोनी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुनील मामा, धर्मेंद्र जैन, पंकज मराठे, वरिष्ठ साधक, पत्रकार आदि मौजूद थे।

## जगन्नाथ रथ यात्रा 16 को, आमंत्रण पत्रिकाओं का विमोचन



**झाबुआ।** शहर के कॉलेज मार्ग स्थित प्राचीन श्री जगदीश मंदिर पर श्री जगन्नाथ रथ यात्रा समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें 16 जुलाई को श्री जगन्नाथ रथ यात्रा समिति द्वारा निकाली जाने वाली भव्य रथ यात्रा के संबंध में चर्चा की गई। समिति द्वारा इस वर्ष 20वीं भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसके संबंध में समिति सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव व्यक्त किए। साथ ही बैठक में रथ यात्रा की आमंत्रण पत्रिकाओं का भी गरिमामय रूप से विमोचन किया गया। श्री जगदीश मंदिर के पुजारी जगदीश पंडा ने बताया कि शहर में रथ यात्रा की शुरुआत श्री जगन्नाथ प्रभु के परम भक्त संतोषसिंह सोलंकी द्वारा आज से 19 वर्ष पूर्व की गई थी। तब से लेकर आज तक श्री जगन्नाथ यात्रा समिति द्वारा निरंतर रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। भव्य रथ यात्रा का इस वर्ष यह 20वा आयोजन है। रथ यात्रा का स्वरूप प्रतिवर्ष लगातार भव्य और व्यापक होता जा रहा है। यह रथ यात्रा प्रतिवर्ष बैंड-बाजों और ढोल-ताशों के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली जाती है। जिसमें विशेष रूप से रथ पर भगवान श्री जगन्नाथजी के साथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्राजी की प्रतिमा विराजमान कर शहर भ्रमण करवाया जाता है। इस वर्ष आगामी 16 जुलाई को भव्य रथ यात्रा आयोजन को लेकर आयोजन समिति द्वारा तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई है। बैठक का संचालन करते हुए समिति के वरिष्ठ सदस्य अश्विन शर्मा ने बताया कि 16 जुलाई शाम 4 बजे से कॉलेज मार्ग स्थित प्राचीन श्री जगदीश मंदिर से श्री जगन्नाथ रथ यात्रा आरंभ होगी, जो शहर भ्रमण करते हुए रात्रि करीब 8 बजे पुन: मंदिर पहुंचेगी। मंदिर में श्री जगन्नाथ प्रभु की रात 8 बजे महाआरती की जाएगी। बाद 8.30 बजे से महाप्रसादी का आयोजन होगा। बैठक में समिति से जुड़े आशीष चतुर्वेदी ने बताया कि रथ यात्रा में विशेष सहयोग मौर्या इवेंट द्वारा प्रदान किया जा रहा है। बैठक में तय किया गया कि उक्त रथ यात्रा का संपूर्ण शहर में भव्य प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। जिसके अंतर्गत शहर में होर्डिंग्स-बैनर आदि लगाए जाने के साथ सोशल मीडिया और मीडिया के माध्यम के अतिरिक्त शहर में अलाउंस कर भी रथ यात्रा की जानकारी दी जाएगी।

## रहें ना रहें हम संगीतमय कार्यक्रम आयोजित

**इंदौर .** विश्व संगीत दिवस की पूर्व संध्या पर दीपक जाजू मित्रमंडल द्वारा रहें ना रहें हम संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया गया . मीडिया प्रभारी विजय परदेशी ने बताया कि सुमन कल्याणपुर एवं आशा भोंसले की स्मृति को समर्पित इस आयोजन में दो सत्रों में 50 से अधिक गायकों ने अपने गीत प्रस्तुत किए, मधुर गीतों से सजी इस शाम में अरुण जोशी, कुँवर अजयसिंह, जे बी सिंह, राजीव परदेशी निर्मला यादव, शकुंतला विजयवर्गीय, वर्षा सिंह, मेघा मकरानी, पायल परदेशी, डॉ लक्ष्मी दुबे,उन्नति कामले,उमा लोहारिया, उमा शर्मा, विनीता शर्मा ,कलावती, भनारिया,मीना ठाकुर, सुनीता लाहोरे, शिखा कश्यप,राजेश भूत, संजय यादव, कमलेश यादव, जितेंद्र मोरे, महेन्द्र चतुर्वेदी, रमेश जायसवार, योगेश अग्रवाल, सुरेश वैद्य, सुनील कौशल, बी के पाल, अशोक सावले,डॉ अनुपम श्रीवास्तव, डॉ पी एस दुबे, विजय पाटीदार, मो सलीम खान,विजय शर्मा, कृष्णकांत गोयल,देवराज, नीता तिवारी असीम जायसवाल राजेश गोडाले, सुनील रघुवंशी,चिंतामन आदि गायकों ने अपने गीतों से विश्व संगीत दिवस के आयोजन को सुरीला बनाया . दीप प्रज्ज्वलन मंडल के संरक्षक राधेश्याम यादव, बसंत अग्रवाल,रामकिशोर शुक्ला,नरोत्तम माहेश्वरी, विजय खंडेलवाल डॉक्टर धर्मा बृजेश अमोनिया ने किया .

# मंडी टैक्स बढ़ाए जाने का विरोध

**पानसेमल, ( नवभारत )।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा मंडी में अनाज पर लगने वाले टैक्स को बढ़ाए जाने पर एक दिवसीय बंद रखकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करने की जानकारी दी है। व्यापारी संघ पानसेमल अध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल ने जानकारी दी कि पूर्व में अनाज पर मंडी टैक्स 1 प्रतिशत था, जिसके बाद शासन द्वारा उसे बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत कर दिया गय है, जिससे व्यापारियों तथा किसानों पर इसका प्रभाव पड़ेगा। इंदौर व्यापारी संघ के प्रदेश व्यापी विरोध एवं मंडी टैक्स कम करने की मांग को लेकर पानसेमल अनाज व्यापारी संघ द्वारा कृषि उप मंडी पानसेमल में मंडी सचिव एलएस सेनानी को ज्ञापन सौंपा है।



### टैक्स ने बढ़ाई व्यापारियों की चिंता

गौरतलब है कि एक ओर जहां कपास पर लगने वाले टैक्स में कमी होने पर व्यापारियों ने सीएम डॉक्टर यादव एवं विधायक श्याम बर्डे का आभार जताया था। वहीं दूसरी ओर तिलहन पर बढ़ाए गए टैक्स ने व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है। 23 जून को व्यापारियों द्वारा अपनी खरीदी बिक्री बंद कर सांकेतिक विरोध दर्ज कराया जाएगा। वहीं अब मांग नहीं माने जाने पर व्यापारी संघ क्या कदम उठाएगा, यह देखने वाल बात होगी। व्यापारियों द्वारा मंडी सचिव एवं मंडी कर्मचारियों के साथ इस विषय पर चर्चा भी की गई। इस दौरान ओमप्रकाश खंडेलवाल, सीताराम अग्रवाल, पुष्कर अग्रवाल, अनिल शर्मा, मनोज माहेश्वरी, गोविंद अग्रवाल, अमित अग्रवाल, नीरज गर्ग, मोंटू अग्रवाल, दीपक राठौड़, निलेश अग्रवाल, रितेश गर्ग, योगेश अग्रवाल, बबलू राठौड़ सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# जयस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की सुरक्षा की मांग

**▶ राज्यपाल के नाम ग्रामीण थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन**

**सेंधवा, ( नवभारत )।** जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम ग्रामीण थाना प्रभारी सेंधवा को ज्ञापन सौंप जयस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट लोकेश मुजाल्दा को सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा उनकी फॉर्च्यूनर वाहन पर हमला करने वाले मुख्य आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। ज्ञापन में घटना को गंभीर बताते हुए जीवन एवं संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग रखी गई।

ज्ञापन में बताया कि एडवोकेट लोकेश मुजाल्दा कई वर्षों से आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों, जल-जंगल-जमीन, सामाजिक न्याय, आदिवासी अत्याचारों तथा जनहित के मुद्दों पर संघर्ष और नेतृत्व करते आ रहे हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश एवं देशभर में अनेक लोकतांत्रिक आंदोलन और जनजागरण अभियान संचालित किए हैं, जिससे बड़ी संख्या में आदिवासियों को न्याय और अधिकार प्राप्त करने में सहायता मिली है।

ज्ञापन के अनुसार एडवोकेट लोकेश मुजाल्दा को पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही थी। जो प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जारी हैं। इसी दौरान 16 जून 2026 की रात्रि में उनके निवास पर खड़ी फॉर्च्यूनर वाहन क्रमांक एमपी-07-सीएफ-8308 पर अज्ञात हमलावरों द्वारा हमला कर तोड़फोड़ की गई। वाहन का अगला कांच बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

ज्ञापन में कहा कि घटना की परिस्थितियों से प्रतीत होता है कि हमलावरों का उद्देश्य केवल वाहन को नुकसान पहुंचाना नहीं था, बल्कि एडवोकेट लोकेश मुजाल्दा को शारीरिक क्षति पहुंचाने अथवा उनके जीवन पर हमला करने का प्रयास भी हो सकता था। घटना के समय उनके वाहन में मौजूद नहीं रहने से बड़ी अनहोनी टल गई। जयस ने इसे आदिवासी समाज की आवाज उठाने वाले सामाजिक नेतृत्व को भयभीत करने का प्रयास बताते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान महेन्द्र सेनानी जयस जिला उपाध्यक्ष बड़वानी, उमेश डुडवे, महेश डावर, अमिल डूडवे, विजय सेनानी, नरेन्द्र सोलंकी, अमित नरगांवे, मुकेश किराड़े व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# टीएल बैठक में गैरहाजिर रहने वाले अधिकारियों पर कलेक्टर नाराज

**आलीराजपुर। कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में टीएल बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी में समय सीमा से बाह्य प्रकरणों, ई-केवाईसी सहित अन्य संबंधित विभागीय बिंदुओं की समीक्षा की गई।**



कलेक्टर नीतू माथुर द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर 50 एवं 100 दिवस से लंबित शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने पिछली टीएल बैठक में लोक सेवा गारंटी में समय सीमा से बाह्य प्रकरणों पर अर्थदंड लगाने के निर्देश दिए थे किंतु समय सीमा में फाइल प्रस्तुत नहीं करने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध पांच सौ रुपए का अर्थदंड आरोपित कर रेड क्रॉस में जमा कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर माथुर द्वारा टीएल बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर गहन नाराजगी व्यक्त कर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। ई-केवाईसी में प्रगति नहीं करने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोंडवा पर कलेक्टर द्वारा नाराजगी व्यक्त कर नोटिस जारी कर 2 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही सभी जनपद पंचायत सीईओ एवं नगर पालिका सीएमओ को ई-केवाईसी में प्रगति के लिए विशेष शिविर आयोजित कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों को फॉर्मर रजिस्ट्री में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर माथुर द्वारा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होने वाली आगामी कलेक्टर कमिश्नर कान्फ्रेस के एजेंडा पर चर्चा कर निर्देश अधिकारियों को दिए।

उन्होंने सभी जनपद पंचायतों, तहसीलों में एमपी ई-सेवा के फ्लेक्स लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने संबल पंजीयन के प्रकरणों की जनपदवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही समस्त फील्ड अधिकारियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में छात्रावासों के लगातार निरीक्षण करने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघमित्रा गौतम, अपर कलेक्टर सोहन कनास, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निधि मिश्रा, दीपिका पाटीदार, डिप्टी कलेक्टर तपीस पांडे, निर्मला कलमे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जेई से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाईजरी

आलीराजपुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अतुलकर ने बताया कि जापानी इन्सेफेलाइटिस (जेई) एक गंभीर मच्छर जनित वायरल बीमारी है, जो संक्रमित क्यूलेक्स प्रजाति के मच्छरों के काटने से फैलती है। यह बीमारी विशेष रूप से बच्चों को अधिक प्रभावित करती है और गंभीर स्थिति में जानलेवा भी साबित हो सकती है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से सतर्कता एवं बचाव के उपाय अपनाने की अपील की गई है।

क्यूलेक्स प्रजाति के मच्छर प्राय: धान के खेतों, जलभराव वाले क्षेत्रों तथा गंदे पानी के आसपास पनपते हैं। जापानी इन्सेफेलाइटिस से संक्रमित व्यक्ति में तेज बुखार, सिरदर्द, उल्टी, कमजोरी, गर्दन में अकड़न, भ्रम की स्थिति, दौरे पड़ना तथा गंभीर मामलों में बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। यह वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों को सलाह दी गई है कि घर एवं आसपास पानी जमा न होने दें, मच्छरदानी का नियमित उपयोग करें, पूरी बांह के कपड़े पहनें तथा मच्छर भगाने वाली क्रीम अथवा रिपेलेंट का उपयोग करें। साथ ही घरों की खिड़कियों एवं दरवाजों पर जाली लगाएं तथा कूलर, पानी की टंकियों एवं अन्य पानी के बर्तनों की नियमित सफाई सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि उपरोक्त लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क कर चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार प्राप्त करें।

## बिल्डिंग में घुसकर फ्लैटों के दरवाजे टटोल रहा था युवक

**इंदौर. कनाड़िया थाना क्षेत्र के संचार नगर स्थित एक बहुमंजिला बिल्डिंग में एक युवक के हंगामे से अफरा तफरी मच गई. युवक बिल्डिंग में घुसकर फ्लैटों के दरवाजे चेक करता रहा और पकड़े जाने पर चौथी मंजिल से छत के टावर पर चढ़ गया, वहां से कूदने की धमकी देने लगा. सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाइश देकर उसे नीचे उतारा.**

घटना प्रशांत सागर टाउनशिप की बताई जा रही है. सुबह एक युवक अचानक बिल्डिंग परिसर में घुसा और एक-एक कर कई फ्लैटों के दरवाजे टटोलने लगा. उसकी हरकतों पर नजर पड़ने पर रहवासी राजीव साहू ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह भागता हुआ ऊपर की ओर दौड़ा और सीधे छत पर बने टावर पर चढ़ गया.

## पुरानी रंजिश में युवक को चाकू मारकर किया घायल

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर उसके घर के सामने हमला कर दिया. आरोपियों ने चाकू से वार कर उसे घायल कर दिया, जबकि उसके भाई के साथ भी मारपीट की. थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि निरंजनपुर निवासी प्रदीप राजोरे उम्र 28 साल ने शिकायत दर्ज कराई है कि करीब दो साल पहले उसका विवाद लखन खोरे से हुआ था, जिसकी रिपोर्ट भी दर्ज है.

# किशोरों को मार्गदर्शन देने के लिए 6 दिवसीय साथिया प्रशिक्षण

**आलीराजपुर।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जोबट, आलीराजपुर में 16 जून से 21 जून 2026 तक 6 दिवसीय साथिया प्रशिक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में किशोर स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य रूप से पोषण एवं एनीमिया, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, संक्रामक रोग, गैर संक्रामक रोग, नशे के दुष्प्रभाव, चोट एवं हिंसा, मानसिक स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन तथा सोशल मीडिया एवं इंटरनेट के सही उपयोग जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर सत्र आयोजित किए गए। साथिया प्रशिक्षण देने का मुख्य उद्देश्य गांवों के विकास के साथ-साथ किशोर-किशोरियों को सही मार्गदर्शन प्रदान करना है।



**एक नजर में** ▶ **जोबट में 19 लाख की चोरी का पुलिस ने मात्र 72 घंटे में किया पर्दाफाश**

# व्यापारी की दुकान से नकदी भरा बैग चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**आलीराजपुर।** जिले की जोबट पुलिस ने सक्रियता, तकनीकी जांच और मजबूत मैदानी नेटवर्क के बल पर अनाज व्यापारी की दुकान से 19 लाख रुपए नगदी चोरी करने की सनसनीखेज वारदात का मात्र 72 घंटे में पर्दाफाश कर बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए चोरी गई पूरी राशि 19 लाख रुपए नगद बरामद कर ली है। साथ ही घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की बलेनो कार भी जब्त की गई है।



बड़ी सफलता की जानकारी पुलिस अधीक्षक रघुवंश कुमार सिंह ने जोबट में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि जिले में चोरी, लूट एवं संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति उमठ बघेल के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी जोबट रवींद्र राठी के नेतृत्व में जोबट पुलिस टीम ने गंभीर चोरी की इस वारदात का त्वरित खुलासा किया है।

**व्यापारी की दुकान से गायब हुआ 19 लाख रुपए से भरा बैग**

जानकारी के अनुसार दिनांक 18 जून 2026 को सुबह लगभग 10-35 बजे से 11-00 बजे के बीच फरियादी प्रदीप जैन, जो अनाज व्यापारी हैं, अपनी दुकान दालमील परिसर में अनाज खरीदी-बिक्री का कार्य कर रहे थे। अनाज खरीदी के लिए उन्होंने 19 लाख रुपए नगदी से भरा बैग अपने काउंटर पर रखा हुआ था। इसी दौरान वे काउंटर से उठकर मजदूरों को कार्य बताने गए। कुछ देर बाद जब वे वापस काउंटर पर पहुंचे तो देखा कि 19 लाख रुपए नगदी से भरा बैग वहां से गायब था। इसके बाद फरियादी ने तत्काल अपनी दुकान के सीसीटीवी फुटेज चेक किए, जिसमें एक अज्ञात व्यक्ति नगदी से भरा बैग चोरी कर ले जाते हुए दिखाई दिया।

## सहेली से बात करने पर विवाद, महिला ने चाकू मारकर युवती को घायल किया

**इंदौर .** किशनगंज थाना क्षेत्र में सहेली से बात करने को लेकर शुरू हुआ विवाद चाकूबाजी तक पहुंच गया. आरोप है कि महिला ने युवती पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी. करौदिया चौपाटी निवासी साहबाज खान उम्र 34 साल की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया है. घटना भाटखेड़ी रोड स्थित श्मशान के पास की है, जहां नेहा की सहेली से बातचीत को लेकर विवाद हुआ. विवाद बढ़ने पर आरोपी पुनम और उसके पति श्रीहरि ने गाली गलौज शुरू कर दी.